## Headline

1. ऑपरेशन लोटस पर AAP का दावा: आतिशी बोलीं- केजरीवाल सरकार गिराना चाहती है BJP, हमारे सात विधायकों से किया संपर्क
2. भाजपा का 'आप' पर पलटवार: कहा- किसने और किस नंबर से संपर्क किया, कहां बैठक हुई? ईडी के समन से बच रहे केजरीवाल
3. Ram Mandir: अयोध्या में आज भी श्रद्धालुओं की भीड़, अब इस टाइम करें रामलला के दर्शन
4. Ujjain: वरिष्ठ भाजपा नेता और उनकी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या, घर में घुसकर बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम
5. Bihar Political Crisis: अपने विभाग के कार्यक्रम में नहीं पहुंचे तेजस्वी यादव, सीएम नीतीश पहुंचे
6. Olympics: 'ओलंपिक की भारत की किसी भी दावेदारी का समर्थन करेगा फ्रांस', राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का बड़ा बयान
7. I.N.D.I.A.: बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम से विपक्षी गठबंधन बेचैन, तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने कही यह बात
8. Punjab: गुरदासपुर में दो घरों से मिली हेरोइन और हथियार, BSF-STF की संयुक्त छापेमारी में मिली सफलता
9. ऑनर किलिंग: प्रेमी और प्रेमिका की बंधक बनाकर की गई थी हत्या, 18 साल बाद मिला इंसाफ; कोर्ट ने सुनाया ये फैसला


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 197 | इंदौर, शनिवार 27 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# बंगलों के इंतजार में नए मंत्री

## आवंटित हो गए लेकिन खाली होने की वजह से वे उनमें शिफ्ट नहीं हो पाए

**मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट और राज्य मंत्रियों को अब तक बंगले नहीं मिल सके हैं। 13 मंत्रियों को बंगले तो आवंटित हो गए लेकिन खाली होने की वजह से वे उनमें शिफ्ट नहीं हो पाए। गृह विभाग के आवंटन आदेश में पेंच यह भी है कि बंगला रिक्त होने पर ही मंत्री उसमें रहने जा सकते हैं।**




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** दूसरी ओर, कई मंत्री ऐसे भी हैं जो चार इमली में बड़ा बंगला चाहते हैं, लेकिन पूर्व मंत्रियों और विधायकों के पावर के चलते बंगले खाली नहीं हो पा रहे हैं। इस वजह से बंगले आवंटन में देरी हो रही है। फिलहाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अभी बेटे आकाश विजयवर्गीय वाले बंगले सी-21 शिवाजी नगर में रह रहे हैं। वे बड़ा बंगला चाहते हैं। उधर, राकेश सिंह अभी बीएचईएल रेस्ट हाउस में रह रहे हैं। वे भी चार इमली में बंगला चाहते हैं।

इन्हें विधायक विश्राम गृह और निजी आवास का सहारा

डॉ. मोहन यादव सरकार के जो मंत्री बंगला आवंटित होने के बाद भी अभी शिफ्ट नहीं हुए हैं, उनमें गौतम टेटवाल (सी-1, 74 बंगले), नारायण सिंह कुशवाह (बी-11, चार इमली), धर्मेंद्र लोधी (बी-11, 74 बंगला), राकेश शुक्ला (बी-19, 74 बंगला) शामिल हैं। इन्हें बंगला खाली होने का इंतजार है। दूसरी ओर, मंत्री नारायण सिंह पंवार, नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी, दिलीप अहिरवार, दिलीप जायसवाल और राधा सिंह को भी बंगला आवंटित नहीं हुआ है। नरेंद्र पटेल, नारायण सिंह कुशवाह और दिलीप अहिरवार को छोड़ बाकी सभी अभी विधायक विश्राम गृह में आवंटित आवास से कामकाज कर रहे हैं।

### 13 मंत्रियों का यहां होगा ठिकाना

मोहन यादव सरकार ने पिछले दिनों अपनी कैबिनेट के 13 मंत्रियों को राजधानी में सरकारी बंगले आवंटित किए हैं। इसमें छह बंगले शिवराज सरकार के मंत्रियों को आवंटित थे। गृह विभाग द्वारा जारी किए गए आवंटन आदेश के मुताबिक जिस बंगले में मंत्री ओपी सकलेचा रहते थे वह प्रहलाद पटेल को मिला है। जहां राज्य मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव रहते थे वह अब मंत्री उदय प्रताप सिंह को दिया गया है। इसी तरह बिसाहू लाल सिंह को आवंटित बंगला मंत्री नारायण सिंह कुशवाह को दिया गया है वहीं मंत्री नागर सिंह चौहान शिवराज सरकार में मंत्री रहे राम किशोर कावरे को आवंटित बंगले में रहेंगे।

शिवराज सरकार के मंत्री रहे राजवर्धन सिंह दत्तीगांव को आवंटित बंगला मोहन सरकार ने चैतन्य काश्यप को और प्रेम सिंह पटेल को आवंटित बंगला मंत्री राकेश शुक्ला को दिया गया है। संपतिया उइके को प्रदीप जायसवाल वाला और निर्मला भूरिया को इमरती देवी तथा लखन पटेल को रवि जोशी वाला बंगला आवंटित किया गया है।

गौतम टेटवाल को 74 बंगले में सी-1 बंगला आवंटित हुआ है जो अभी कांतिलाल भूरिया के पास है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ये आवास रिक्त होने पर मंत्री इसमें शिफ्ट हो सकेंगे।

### ये मंत्री होंगे पड़ोसी

अभी जिन मंत्रियों को बंगलों का आवंटन हुआ है, उनमें कैलाश विजयवर्गीय अपने बेटे आकाश को आवंटित बंगले में हैं और यह बंगला मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के बंगले से दो बंगले की दूरी पर है। उधर नागर सिंह चौहान, धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी और संपतिया उइके को आवंटित बंगले अगल-बगल हैं। 74 बंगला क्षेत्र के बंगले रिक्त होने पर ये तीनों ही पड़ोसी होंगे।

इसके अलावा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को पिछली विधानसभा में आवंटित बंगला अभी किसी को आवंटित नहीं हुआ है। इसे छोड़ दें तो पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और मंत्री कृष्णा गौर एक दूसरे के समीप के बंगले में रह रहे हैं। इसी तरह मंत्री गौतम टेटवाल 74 बंगले में सी-2 में रह रहे मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के पड़ोसी होंगे।

# इंदौर जिले में गणतंत्र दिवस अपार उत्साह उमंग और जोश-जुनून के साथ मनाया गया

## मुख्य समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने किया ध्वजारोहण

→आकर्षक परेड के साथ निकाली गई नयनाभिराम झाँकियाँ, बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम









@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड की सलामी भी ली। इंदौर जिले में आज अपार उत्साह और उमंग के साथ देशभक्ति के जोश और जुनून के वातावरण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा नयनाभिराम झांकियां भी निकाली गयी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया गया। स्कूली बच्चों ने रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**अभूतपूर्व उत्साह के बीच 16 प्लाटूनों ने प्रस्तुत की आकर्षक परेड-** गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अभूतपूर्व उत्साह का माहौल था। समारोह में 16 प्लाटूनों ने गर्मजोशी से आकर्षक परेड प्रस्तुत की। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने ध्वजारोहण के पश्चात खुली जीप से परेड का निरीक्षण किया। परेड के पश्चात उन्होंने परेड कमाण्डरों से परिचय भी प्राप्त किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त श्री मकरंद देउस्कर तथा कलेक्टर श्री आशीष सिंह उनके साथ थे। परेड के दौरान सशस्त्र दलों द्वारा हर्ष फायर किये गये। समारोह में 16 दलों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। समारोह में परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आयपीएस श्री करणदीप सिंह ने किया। उनका अनुकरण टूआईसी सुबेदार श्री गजेन्द्र निगवाल ने किया। इस अवसर पर आरएपीटीसी, फर्स्ट बटालियन, पंद्रहवी वाहिनी, जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), होमगार्ड, यातायात पुलिस, एनसीसी एयरविंग, एनसीसी, स्काउट, गाइड, स्टूडेंट पुलिस कैडेट, आरआई ग्रुप, शौर्य दल तथा सृजन दल द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर बीएसएफ के बैंड ने देशभक्ति की धून से पूरे वातावरण को जोश और जुनून से ओतप्रोत कर दिया।

**जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित निकाली गई नयनाभिराम झाँकियाँ-** समारोह के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों पर आधारित नयनाभिराम झाँकियाँ निकाली गई। इनमें मुख्य रूप से नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वेस्ट मटेरियल से भव्य एवं आकर्षक राम मंदिर की प्रतिकृति, सोलर सिटी, यातायात सुधार, आवास योजना के विषय पर झांकी निकाली गई। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आँगनवाड़ी केन्द्रों के सुधार, पोषण आहार, विभागीय योजनाओं, इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, शबरी प्रसंग, शहर के विकास संबंधी योजनाओं, शिक्षा विभाग द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता मेला, जिला पंचायत इंदौर द्वारा विकसित भारत संकल्प के तहत किये गये कार्यों, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, स्वच्छता मिशन, कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती, उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम तथा इंदौर का औद्योगिक विकास, वन विभाग द्वारा इको पर्यटन, जेल विभाग द्वारा कैदियों के पुनर्वास, प्रभु श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान योजना, अनुसूचित जनजाति विभाग द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संबंधित विषयों पर निकाली गई झांकियां शामिल हैं।

कटाक्ष




## हाईकोर्ट परिसर में हुआ ध्वजारोहण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री एस.ए. धर्माधिकारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर खण्डपीठ के न्यायमूर्तिगण, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अभिभाषकगण तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।




### कलेक्टर कार्यालय में श्री आशीष सिंह ने किया ध्वजारोहण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, श्रीमती सपना लोवंशी, श्री रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।




नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
विकास के अमृत काल में संवैधानिक मूल्यों के साथ
रामराज्य की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | सशक्त और आत्मनिर्भर नारी शक्ति | अंत्योदय उत्थान
समृद्ध होता अन्नदाता | सक्षम युवा | सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं | सांस्कृतिक समृद्धि
75 वें गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
"आइये, हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को एक ऐसे गणतंत्र के रूप में लेकर आगे बढ़ें, जो सुराज, सुशासन सम्मत कार्यशैली और रामराज्य के आदर्शों का द्योतक हो, जिसमें सबका हित - सबका मंगल समाहित हो। शुभकामनाएं।"
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश शासन
D18508/23

# डेढ़ महीने की बेटी के 36 सरकारी दस्तावेज बनवाए, रिकॉर्ड

## चार दशक बाद परिवार में हुई बेटी, पिता ने 50 दिन में तैयार कराए डॉक्यूमेंट्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में आबकारी विभाग में पदस्थ मनीष बंदेवार ने महज 50 दिन के भीतर अपनी बिटिया के 36 सरकारी दस्तावेज बनाकर रिकॉर्ड कायम किया है। मनीष को इस उपलब्धि के चलते वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान मिला है। उन्होंने अपनी बिटिया समृद्धि के 50 दिन में 36 सरकारी दस्तावेज बनाते हुए वर्ल्ड बुक में नाम दर्ज कराया। ये दूसरा मौका है जब छिंदवाड़ा की कम उम्र की बिटिया के नाम ये खिताब आया है।**

छिंदवाड़ा आबकारी विभाग में सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत मनीष बंदेवार के घर डेढ़ महीने पहले बिटिया का जन्म



हुआ। परिवार में चार दशक बाद तीन बहन के बीच पहली पुत्री के जन्म की खुशियां पिता ने 36 सरकारी दस्तावेजों को 50 दिन में बनवाकर मनाई। वर्ल्ड में ये पहली उपलब्धि है, जब किसी पिता ने महज 50 दिन ये सभी आवश्यक दस्तावेज इतने

### डेढ़ लाख रुपए खर्च कर 50 दिन में बनाए गए ये 36 दस्तावेज

मनीष बंदेवार बिटिया के जन्म के बाद से अपना 7वर्ष पुराना सपने को साकार करने में जुट गए थे ।उनके इस अपने को साकार करने में उनके मित्र मोहित सूर्यवंशी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने काफी मदद की थी। दरअसल मनीष बंदेवार के यहां 7वर्ष पहले बेटे शिवाय का जन्म हुआ था तब से ही उनके मन में था कि बच्चे का रिकार्ड समय से अधिकांश दस्तावेज बनाकर वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करवाया जाए ।लेकिन मेल बेबी की अपेक्षा फीमेल बेबी के योजनाएं ज्यादा होने की वजह से उनके सामने चुनौती थी। इससे पहले छिंदवाड़ा निवासी केसरी सूर्यवंशी ने अपनी बिटिया शरण्या के 72दिनो में 31दस्तावेज तैयार किए थे ।तभी से उन्होंने सपना संजों लिया था कि बेटी हुई तो मौजूदा रिकार्ड को ब्रेक कर बिटिया के ज्यादा दस्तावेज बनाऊंगा।

कम समय में बनाकर वर्ल्ड बुक में नाम दर्ज कराया।

मनीष बंदेवार ने बताया कि ऐसा करके मेरा उद्देश्य है कि हमारे समाज में पेरेंट्स अपने पुत्र-पुत्री के सभी दस्तावेजों को बनाने में लापरवाही न बरतें। समय पर सभी दस्तावेजों को बनवाकर अपनी जागरुकता का परिचय दें, ताकि बच्चों को भविष्य में परेशानी का सामना न करना पड़े। मनीष की इस उपलब्धि पर गुरुवार को कलेक्टर मनोज पुष्प ने भी सम्मानित किया।

### भाजपा नेता और पत्नी की हत्या

**उज्जैन।** उज्जैन में भाजपा नेता रामनिवास कुमावत और उनकी पत्नी मुन्नी कुमावत की हत्या कर दी गई। घटना देवास रोड स्थित पिपलोदा गांव की है। शनिवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शुरुआती जांच में लूटपाट के बाद हत्या की बात कही है।

### बस से टकराई बाइक, दो लोगों की मौके पर मौत

**हरदा।** हरदा में इंदौर-बैतूल नेशनल हाइवे पर एक बाइक बस से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बस नागपुर से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। सूचना मिलते ही टिमरनी पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

### स्कूल में खाई पूरी-सब्जी और लड्डू, कई बच्चे बीमार

**रीवा।** रीवा में मिड-डे मील खाने के बाद 30 से ज्यादा स्कूली बच्चे बीमार पड़ गए। मामला जिले के सिरमौर अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़री का है। यहां प्राथमिक पाठशाला में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान बच्चों को मिड-डे मील में पूड़ी-सब्जी दिए गए थे। बच्चों को सिविल हॉस्पिटल, सिरमौर ले जाया गया है। रतलाम रीवा जिले के आलोट में 26 जनवरी को मध्याह्न भोजन में बच्चों को कीड़े वाली खीर परोसी गई। बच्चों ने इसका विरोध और शिकायत की, तो खीर को बदला गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बाल्टी में रखी कीड़े वाली खीर का वीडियो बना लिया है। पूरा मामला ग्राम थूरिया का है। ग्रामीणों ने मध्याह्न भोजन संचालक की शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181 पर कर दी।

# भाजपा नेता ने युवक की गोली मारकर हत्या की

## धौंस जमाने के लिए मर्डर किया, साथी के साथ फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में शुक्रवार देर रात युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना पाटन थाना के चौधरी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 3 की है। मृतक के परिजनों का कहना है कि भाजपा नेता आशीष बेहिरे ने गोली मारी है। घटना को अंजाम देने के बाद भाजपा नेता अपने साथियों के साथ फरार हो गया है।**

बताया जा रहा है कि अपनी राजनीतिक धौंस जमाने के लिए शराब के नशे में धुत होकर भाजपा नेता ने गोली मारी है। मृतक का नाम रामराज था। पेशे से किसान रामराज नरेंदसरिया शुक्रवार की रात 11 बजे अपने चचेरे भाई राघव को घर छोड़ने चौधरी मोहल्ला आए थे। राघव को घर छोड़ने के बाद जब रामराज अपने घर रिमझा गांव जा रहे थे, तभी भाजपा नेता आशीष और उसके साथी पप्पू बर्मन से किसी बात को लेकर रामराज का विवाद हो गया। इस बीच आशीष ने बंदूक निकाली और उस पर फायर कर दिया। घटना में रामराज के पेट में गोली लगी।

स्थानीय लोग घायल रामराज को पाटन अस्पताल ले गए। यहां हालत नाजुक होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रास्ते में ही रामराज ने दम तोड़ दिया। पाटन थाना पुलिस ने आशीष, उसके साथी पप्पू और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### BJP का कद्दावर नेता है आरोपी

आरोपी आशीष भाजपा का स्थानीय कद्दावर नेता है। युवा मोर्चा ग्रामीण में भी वह कई पद पर रह चुका है। भाजपा नेता आशीष का साथी पप्पू बर्मन भी आदतन अपराधी है। कुछ माह पहले ही 307 के अपराध में वह जेल से छूटकर आया था। मृतक के भाई अनुराग का कहना है कि 3 माह पहले भी एक आदिवासी युवक के साथ इन लोगों ने मारपीट कर उस पर ही आरोप लगा दिया था कि वह अपराधी है। आदिवासी युवक के खिलाफ ही आरोपियों ने मामला दर्ज करवा दिया था।

आरोपी भाजपा नेता आशीष का क्षेत्र में रसूख है। बताया जा रहा है कि आरोपी की मां नीरा बेहिरे पाटन नगर परिषद की अध्यक्ष रह चुकी है। इलाके में इनका अच्छा खासा दबदबा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सम्प्रेक्षण गृह से भागने वाले बाल अपचारियों का VIDEO सामने आए

## अक्षया हत्याकांड की गवाह बोली- मुझे जान का खतरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। बाल सम्प्रेक्षण गृह से 6 अपचारियों (इनमें चार हत्या के आरोपी) के भागने के वीडियो सामने आए हैं। इनमें साफ दिख रहा है कि एक साथ किस तरह प्री प्लान कर बाल अपचारी भागे हैं। एक अपचारी को गार्ड पकड़ते दिख रहा है।**

अक्षया हत्याकांड में गवाह अक्षया की सहेली के घर पुलिस ने पहरा लगा दिया है। अक्षया की सहेली ने अपनी जान को खतरा बताया है। भागने वाले बाल अपचारियों में से 3 अक्षया हत्याकांड के के मुख्य आरोपी हैं।

पुरानी छावनी से पकड़ा गया बदमाश मुन्ने (बदला हुआ नाम) बेहद शातिर है। पुलिस ने बाल सम्प्रेक्षण गृह के CCTV कैमरे खंगाले तो तीन दिन से इन सभी



के हाव भाव में एक बदलाव दिखा। इनको जब भी बाहर लाया जाता था, तब यह मैनगेट के पास वाली दीवार के पास ही दिखाई दे रहे थे। बाउंड्री वॉल पर पूरे एरिया में कांच के टुकड़े लगे हैं, लेकिन जहां से आरोपी भागे वहीं दीवार सपाट है। इसके बाद गुरुवार सुबह 9 बजे जब उनको घुमाने के लिए बाहर लाया गया तो उन्होंने अपनी योजना को अंजाम दिया और भाग गए। CCTV कैमरों में उनकी पूरी प्लानिंग कैद हुई है।

पूर्व डीजीपी सुरेन्द्र यादव की भतीजी की हत्या (अक्षया हत्याकांड) के तीन आरोपी भी बेहद शातिर और पेशेवर हैं। कोचिंग से लौटते समय उन्होंने छात्रा की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनकी टारगेट अक्षया न होकर उसकी सहेली व करुणा शर्मा की बेटी थी। यह तीनों आरोपी लगातार कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन कर रहे हैं। अक्षया की सहेली जिसे यह टारगेट कर आए थे, वह इनसे जान को खतरा बता चुकी है। जिस कारण बार-बार इनके जमानत के आवेदन खारिज हो जाते हैं। इसी कारण भागने के बाद गवाह के घर पर पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है।

### 12 आरोपियों पर सिर्फ दो पहरेदार

बाल सम्प्रेक्षण गृह में कुल 12 आरोपी थे। जिन पर नजर रखने के लिए 16 CCTV कैमरे के अलावा दो पहरेदार हैं। एक निहत्था होमगार्ड जवान और दूसरा रसोइया था। ऐसे में आरोपियों के बाल सम्प्रेक्षण गृह से भागने में अपने आप में एक बड़ी लापरवाही व चूक सामने आ रही है।

# जबलपुर संभाग में 28-29 जनवरी को बूंदाबांदी

## जनवरी के आखिरी सप्ताह में MP में बारिश का ट्रेंड; इस बार भी ऐसा ही मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** जनवरी के आखिरी सप्ताह में मध्यप्रदेश में बारिश का ट्रेंड है। इस बार भी मौसम ऐसा ही रहेगा। हालांकि, तेज बारिश की जगह बूंदाबांदी ही होगी, वह भी जबलपुर संभाग के जिलों में। 28-29 जनवरी को बूंदाबांदी होने का अनुमान है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि जबलपुर संभाग के डिंडोरी, बालाघाट, मंडला और सिवनी में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से बूंदाबांदी होगी। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर या उज्जैन में पानी गिरने की संभावना अभी नहीं है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि जेट स्ट्रीम अब उत्तर की ओर शिफ्ट हो गई है। इस वजह से तेज हवाएं आ रही हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी अगले 2 दिन बाद प्रदेश में देखने को मिलेगी। हालांकि, इससे दिन-रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी भी होगी यानी कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है।

### 10 साल में बारिश का ऐसा ट्रेंड...

भोपाल में पिछले साल 24 घंटे में आधा इंच से ज्यादा बारिश : राजधानी भोपाल में पिछले 10 में से 7 साल जनवरी में बारिश हुई है। आखिरी सप्ताह में भी पानी गिरने का ट्रेंड रहा है। 26 जनवरी 2023 को एक ही दिन में 17.2 मिमी यानी आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। पूरे महीने पौन इंच पानी गिरा था। इस बार बारिश का अनुमान नहीं है। इंदौर में भी बारिश हुई : वर्ष 2014 से 2023 के बीच 5 साल इंदौर जिले में भी बारिश हुई है। पिछले साल पानी नहीं गिरा था।

New Delhi

# घने कोहरे की चपेट में उत्तर प्रदेश, जानें दिल्ली समेत देश के अन्य राज्यों के मौसम का हाल

**नई दिल्ली.** उत्तर भारत के राज्य इन दिनों घने कोहरे की चपेट में हैं. इसी के साथ कई राज्यों में कोल्ड डे की स्थिति लोगों को परेशान कर रही है. मौसम विभाग की मानें तो उत्तर भारत के राज्यों में अभी मौसम ऐसा ही रहने वाला है. मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों के दौरान घने से बहुत घना कोहरा रहने वाला है. वहीं, चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा में घने से बहुत घना कोहरा अगले तीन दिनों तक रहेगा. कोल्ड डे की बात करें तो उत्तर भारत में अगले दो दिनों तक कोल्ड डे की स्थिति रहेगी.

नई दिल्ली के मौसम का हाल

मौसम विभाग की मानें तो आज यानी 27 जनवरी को



नई दिल्ली में न्यूनतम तापमान 05 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. वहीं, आज नई दिल्ली में मध्यम कोहरा देखने को मिलेगा. मौसम विभाग की मानें तो आनेवाले दिनों में नई दिल्ली में तापमान में मामूली बढ़त देख सकते हैं.

उत्तर प्रदेश के मौसम का हाल

मौसम विभाग की मानें तो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में न्यूनतम तापमान 07 डिग्री और अधिकतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. वहीं, लखनऊ में आज घने से बहुत घना कोहरा देखने को मिलेगा. गाजियाबाद की बात करें तो आज यहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. वहीं, अधिकतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. वहीं, गाजियाबाद में आज मध्यम कोहरा रहेगा.

Uttarpradesh

## मस्जिद के अंदर किराएदारों ने फेंकीं खंडित मूर्तियां, ज्ञानवापी विवाद में मुस्लिम पक्ष का नया पैंतरा



**वाराणसी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में हुए सर्वेक्षण की 839 पन्नों की वैज्ञानिक रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) की टीम ने सौंप दी है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विवादित मस्जिद परिसर के अंदर हिन्दू देवी-देवताओं की खंडित मूर्तियों के अलावा कई प्रतीक चिह्न मिले हैं, जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि वहां मस्जिद से पहले मंदिर की संरचना रही होगी।

इस रिपोर्ट पर मस्जिद के संरक्षक अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद (AIM) ने आशंका जताते हुए कहा है कि ज्ञानवापी परिसर के भीतर मलबे के एक टीले से मिली मूर्तियों के टुकड़े वहां किराए पर अपनी दुकान चला रहे मूर्तिकारों द्वारा फेंके गए होंगे, जो इसे ध्वस्त करने से पहले एक इमारत में किराए की दुकानों से अपने मूर्ति का व्यापार करते थे। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद के वकील अखलाक अहमद ने टीओआई से कहा कि विवादित स्थल पर मस्जिद से पहले मंदिर होने की हिन्दू पक्ष की दलील किसी नई खोज पर आधारित नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'इस बात की 'प्रबल संभावना' है कि पांच से छह मूर्तिकारों, जिन्हें एआईएम ने छत्ताद्वार में दुकानें किराए पर दी थीं, ने मस्जिद के दक्षिणी हिस्से में क्षतिग्रस्त मूर्तियों और कचरे को 1993 से पहले ही फेंक दिया होगा।

Noida

## हाथ में भगवा झंडा लिए शख्स पर टूट पड़ी भीड़, नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल में भारी हंगामा

**नोएडा, (एजेंसी)** राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में धार्मिक नारे लगाने पर युवक को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, इस मामले में किसी भी ओर से कोई शिकायत पुलिस से नहीं की गई है।

सेक्टर-95 स्थित दलित प्रेरणा स्थल का यह वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ। वायरल वीडियो में हाथ में झंडा लिए एक युवक धार्मिक नारा लगाता है। इसके बाद वहां पर जमा युवकों की भीड़ उस पर टूट पड़ती है और उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा जाता है। उसके साथ मारपीट करने वाले युवक भी नारे लगाते हैं।

मारपीट होने पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी उक्त युवक को बचाते हुए अपने साथ ले जाते हैं। इस वीडियो के संबंध में देर शाम तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था, लेकिन पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था शिव हरी मीणा का कहना है कि इस मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

Maharashtra

## आधी रात को शिंदे सरकार से क्या समझौता हुआ, जिससे एक झटके में खत्म मराठा आंदोलन

**मुंबई, (एजेंसी)** मराठा आरक्षण की मांग करते हुए आंदोलन कर रहे मनोज जारांगे पाटिल ने कहा कि है कि महाराष्ट्र सरकार ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने अपनी भूख हड़ताल खत्म करने की घोषणा कर दी है। पाटिल ने कहा, 'मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अच्छा काम किया है। हमारा विरोध अब खत्म हो गया है। हमारा अनुरोध स्वीकार कर लिया गया है। हम उनका पत्र स्वीकार करेंगे। मैं शनिवार को मुख्यमंत्री के हाथों जूस पीऊंगा।' उन्होंने शुक्रवार रात एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ये बातें कही हैं।

उन्होंने कहा कि अब तक जिन 54 लाख लोगों के कुनबी होने का प्रमाण मिला है, उन सभी को कुनबी प्रमाण पत्र देने के लिए सरकार तैयार हो गई है। उन्होंने कहा, 'हमारी लड़ाई के लिए 54 लाख प्रविष्टियां मिलीं। उन्हें जल्द ही प्रमाणपत्र दिया जाएगा।'

आपको बता दें कि मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने इससे पहले शुक्रवार को कहा था कि जब तक समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण नहीं मिल जाता, वह अपना आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। जरांगे एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद नवी मुंबई के वाशी इलाके में शिवाजी चौक पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अब मराठों के लिए सरकार से मुफ्त शिक्षा की मांग की है।

खेल

# शतक से चूके लोकेश राहुल, लेकिन रिकॉर्ड बुक में दर्ज कराया नाम

### भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

**नई दिल्ली। भारत के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार पारी खेली। वह 86 रन बनाकर आउट हुए और अपने शतक से चूक गए, लेकिन उन्होंने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। मैच के दूसरे दिन लंच के बाद के सत्र में राहुल की पारी के चलते भारत को पहली पारी में बढ़त मिली। यशस्वी जयसवाल के बाद राहुल दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन्होंने मौजूदा टेस्ट में शानदार शतक का मौका गंवा दिया है।**




राहुल ने समय की जबरदस्त समझ का प्रदर्शन किया और इस महीने की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में अपने हालिया शतक से आत्मविश्वास हासिल किया। सुपरस्पोर्ट पार्क की तुलना में आरजीआई स्टेडियम में अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करने और इंग्लैंड के खिलाड़ियों को बेहतर लय मिलने के बावजूद, राहुल ने अपना संयम बनाए रखा। उनकी तकनीकी स्पिनरों और तेज गेंदबाजों दोनों के खिलाफ चमकी। राहुल के क्रीज पर रहते भारत ने प्रति ओवर 3.81 रन की दर से कुल 103 रन बनाए। राहुल ने घरेलू सरजमीं पर 1000 टेस्ट रनों को पार करके एक व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की। इसके बाद टॉम हार्टले ने उन्हें 86 रन पर आउट कर दिया। राहुल से पहले जयसवाल 80 रन पर आउट हो गए थे। राहुल अपने चौथे टेस्ट शतक की ओर अग्रसर दिख रहे थे, जब रेहान अहमद ने सीमारेखा पर उनका कैच लपका। यह हार्टले का दूसरा टेस्ट विकेट था, जिससे इंग्लैंड को आशा की किरण मिली क्योंकि भारत की बढ़त 46 के पार चली गई।

राहुल के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा और केएस भरत ने भी अच्छी साझेदारी की। इन दोनों ने टीम इंडिया की बढ़त को 100 रन के पार पहुंचा दिया। अश्विन जल्दी रन आउट हो गए, लेकिन अक्षर के साथ मिलकर जडेजा ने टीम का स्कोर 400 रन के पार पहुंचाया। भारत को पहली पारी में 150 रन से ज्यादा की बढ़त मिलने के बाद टीम इंडिया की जीत लगभग पक्की हो गई है। हालांकि, यह इंग्लैंड टीम पलटवार के लिए जानी जाती है। ऐसे में यह मुकाबला रोमांचक हो चुका है।

सिनेमा

## 'हीरो बनने आया हूं बूढ़े का रोल दे रहे', महाभारत में द्रोणाचार्य का रोल मिलने पर भड़का एक्टर, डांट पड़ी तो निकले आंसू



एक्टिंग फील्ड में कई दफा ऐसा होता है जब कोई आर्टिस्ट पहले किसी एक पर्टिकुलर रोल को करना नहीं चाहता, फिर बाद में वो ही किरदार उसकी पहचान बनता है. बीआर चोपड़ा की महाभारत में गुरु द्रोणाचार्य के रोल में दिखे सुरेंद्र पाल के साथ भी ऐसा ही हुआ. एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि वो पहले द्रोणाचार्य का रोल नहीं करना चाहते थे. क्योंकि वो हीरो बनकर स्क्रीन पर दिखना चाहते थे.

सुरेंद्र पाल ने शुरुआत में गुरु द्रोणाचार्य का रोल रिजेक्ट कर दिया था. वो बूढ़े शख्स का रोल प्ले नहीं करना चाहते थे. जब बीआर चोपड़ा को उनकी ये सोच पता लगी तो उन्होंने एक्टर को खूब सुनाया. इसकी वजह से सुरेंद्र मेकर्स के सामने रो पड़े थे. राजश्री अनपलग्ड को दिए इंटरव्यू में सुरेंद्र ने कहा- गूफी पेंटल ने मुझे फोन कर कहा कि आपके लिए मेरे पास रोल है. सेट पर पहुंचने के बाद उन्होंने बताया कि कास्टिंग हो चुकी है. लेकिन महाभारत में द्रोणाचार्य के रोल की कास्टिंग अभी बाकी है. मैं द्रोणाचार्य का नाम सुनने के बाद नाराज हो गया था. मैंने कहा- बूढ़े का रोल मुझे दिया जा रहा है. मैं यहां हीरो बनने आया हूं. मैं हैंडसम हूं. मुझे लगा था मेरा करियर शुरू होने से पहले खत्म हो जाएगा.

# संपादकीय

## पहले अपनी गिरेबां में झाकें पाक

पाकिस्तान की समस्या यह है कि जब भी वह भारत के खिलाफ अपने किसी एजंडे को हकीकत में तब्दील करने में नाकाम होता है या फिर खुद को गंभीर आरोपों के कठघरे में पाता है, तब भारत की ओर अंगुली उठा कर खड़ा हो जाता है। हालांकि ऐसा करने से खुद उसके ही कमजोर होने का एक संदेश निकलता है, लेकिन ऐसा लगता है कि बार-बार शर्मिंदगी उठाने के बावजूद उसे भारत पर आरोप लगाने में कोई असहजता नहीं महसूस होती। सवाल है कि क्या अब इस तरह की गतिविधियां पाकिस्तान की आदत में तब्दील हो गई हैं कि अपनी सीमा में मुश्किलों का हल निकालने के बजाय वह किसी भी मामले में भारत का नाम लेकर दुनिया और पाकिस्तानी अवाम को गुमराह करना प्राथमिक समझता है! दरअसल, गुरुवार को पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके पास पिछले वर्ष सियालकोट और रावलकोट में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो पाकिस्तानी आतंकवादियों की हत्या और 'भारतीय एजंट' के बीच संबंध होने के 'ठोस सबूत' हैं। अब वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान को जिस रूप में देखा-समझा जाता है, उसमें इस आरोप को लेकर शायद ही कोई देश गंभीर होता हो। मगर इससे पाकिस्तान की मंशा एक बार फिर सामने आई है। इस तरह के उथले और निराधार आरोपों की सच्चाई यह है कि जिन आतंकवादियों के मारे जाने के बारे में पाकिस्तान ने भारत पर अंगुली उठाई है, उनसे संबंधित आतंकी संगठनों को पालने के लिए कठघरे में वह खुद खड़ा है। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी आतंकी गतिविधियां संचालित करने के मसले पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग सम्मेलनों में भी सवाल उठ चुके हैं। ऐसे में भारत का यह जवाब बिल्कुल उचित है कि पाकिस्तान की ओर से इस मामले में जो भी कहा गया है, वह भारत विरोधी झूठा और दुर्भावना से भरे प्रचार का उसका नवीनतम प्रयास है; पाकिस्तान जो बोएगा, वही काटेगा और उसकी अपनी करतूतों के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराना न तो न्यायोचित हो सकता है, न ही समाधान। सच यह है कि पाकिस्तान अपने दावे में ही दोनों आतंकवादी संगठनों और उनके सदस्यों के अपने सीमा-क्षेत्र में मौजूद होने की पुष्टि कर रहा है। दरअसल, ताजा आरोप लगाते हुए पाकिस्तान ने यह सोचना भी जरूरी नहीं समझा कि उसके सीमा क्षेत्र में आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोग 'पाकिस्तानी नागरिक' और आतंकी पहचान के बावजूद शासन की गिरफ्त में क्यों नहीं थे! आतंकवादियों की हरकतों के बारे में दुनिया जानती है कि वे नाहक ही मासूम और निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं, आतंक फैलाते हैं, तो खुद पाकिस्तान स्थित किसी अन्य संगठन या एजंसी के साथ भी टकराव में वे मारे जा सकते हैं। लेकिन महज शौक की वजह से भारत पर आरोप लगाते हुए पाकिस्तान ने कभी भी अपने गिरेबां में झांकने की जरूरत नहीं समझी है। जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और अन्य संगठन पाकिस्तान स्थित अपने ठिकानों से भारत में जिन आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देते हैं, उसे संरक्षण देने का मुख्य आरोपी खुद पाक रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 2017 में चीन में हुए ब्रिक्स सम्मेलन के घोषणापत्र में भी जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे पाकिस्तान आधारित संगठनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की गई थी। इसलिए आतंकवाद को खाद-पानी मुहैया कराने के आरोपों से खुद घिरा पाकिस्तान जो आरोप भारत पर लगाता है, उसके आईने में उसे खुद को देखना चाहिए।

**बात मुद्दे कि...!**

# जाने कहाँ मर-खप गई वे पुरानी औरतें



जाने कहाँ मर-खप गई वे पुरानी औरतें
जो छुपाए रखती थी नवजात को सवा महीने तक
घर की चार दीवारी में।
नहीं पड़ने देती थी परछाई किसी की
रखती थी नून राई बांध कर जच्चा के सिरहाने
बेल से बींधती थी चारपाई
रखती थी सिरहाने पानी का लोटा,
सेर अनाज
दरवाजे पर सुलगाती थी हारी दिन-रात।
कोई मिलने भी आता तो झड़कवाती थी आग पर कपड़े
और बैठाती थी थोड़ा दूर जच्चा-बच्चा से
फूकती थी राई, आजवाइन, गुगल सांझ होते ही
नहीं निकलती देती थी घर से गैर बखत किसी को।
घिसती थी जायफल हरड़ बच्चे के पेट की तासीर माप कर
पिलाती थी घुट्टी
और जच्चा को देती थी घी आजवाइन में गूंथ कर रोटियाँ।
छ दिन तक रखती थी दादा की धोती में लपेटकर बच्चे को
फिर छठी मनाती थी
बनाती थी काजल कचळौटी में
बांधती थी गले में राईलाल धागे से
पहनाती थी कौड़ी पैर में
पगथलियों पर काला टीका लगा
लटकाती थी गले में चाँद सूरज
बाहर की हर अला-बला से बचाती थी
कहती थी कच्ची लहू की बूंद है अभी ये
ओट में लुगड़ी की दूध पिलाती थी।
घर से बाहर निकल कर देखो पुरानी औरतो
प्रदर्शनी लगी है दूध मुंहे बच्चों की सोशल मीडिया पर।
कोई नजर का टीका
कोई नज़रिया बचा हो तो बाँध दो इन्हें
वरना झूल रहे हैं ये बाज़ार की गोद मे
लोगों के सैकड़ों कमेंट्स और लाइक्स के चक्कर में ।

**(सुनीता करोथवाल जी की कलम से साभार सहित )**

## Highlights

1. **Dia Mirza's Patriotic & Environmental message on 75th Republic Day**
2. **Unpaid care work & women's economic participation must be bridged**
3. **Delhi ACP's son taken to wedding, killed by 2 friends & thrown into Haryana canal**
4. **Which states have highest number of colleges according to government data?**
5. **Video: 4 Dead, 2 Injured as Speeding Car Collides With Truck**
6. **Osmania Univ girl students protest over 'security breach' at hostel**

# Tata Group teams up with France's Airbus to manufacture civilian helicopters

**NEW DEIHI, (Agency).** Foreign secretary Vinay Kwatra announced on Friday that Tata Group has signed an agreement with France's Airbus to develop civilian helicopters. He said the agreement was signed during French President Emmanuel Macron's visit to India.

Tata and Airbus are already cooperating to make the C-295 transport aircraft in Prime Minister Narendra Modi's home state of Gujarat.

Kwatra said during a media briefing on Friday, "Industrial partnership (signed) between Tata and Airbus helicopters for production of H125 helicopters with a significant indigenous and localisation component."

The agreement was also confirmed by




Airbus, which said in a statement that the final assembly line (FAL) for helicopters will be set up soon, and the machines produced would also be exported to some of India's neighbouring countries.

"The FAL will take 24 months to set up and deliveries ... are expected to commence in 2026," Airbus said, adding that the location of the facility will be jointly decided by the companies.

During Emmanuel Macron's state visit to India, further cooperation in the defence sector was also discussed by both the countries, including the possibility of French engine maker Safran assisting in manufacture of fighter jet engines in India.

"Safran is fully willing to do it with a 100% transfer of technology in design, development, certification, production and so on," India Ambassador to France Jawed Ashraf said, adding that discussions will continue on the matter.

# As Bhavish Agarwal's Krutrim turns unicorn, which AI startups achieved the feat last year?

**NEW DEIHI, (Agency).** In a significant development, Ola founder Bhavish Aggarwal's artificial intelligence (AI) startup, Krutrim, has become India's first AI unicorn, and the fastest company to reach that status. The company achieved this by raising an investment of $50 million (approx. ₹415 crore) in equity at a valuation of $1 billion (approx.₹8300crore),successfully



closing its first round of funding, Krutrim said in a statement.

'Krutrim,' which has a name that translates to 'artificial' in Sanskrit, was founded in December last year. A 'unicorn,' meanwhile, is a privately-owned startup valued at $1 billion or more.

Here's a look at some AI startups that became unicorn in 2023:

According to crunchbase.com, as many as 15 AI startups became unicorn in 2023. These are:




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक